## एक नजर में

### आदतन 25 बदमाशों पर पुलिस की कार्रवाई

**रतलाम।** आगामी दीपावली पर्व के अवसर पर शहर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार द्वारा सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों के आदतन बदमाशों, अवैधानिक एवं असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने तथा उनके विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश प्रदान किए गए थे। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम शहर राकेश खाखा एवं नगर पुलिस अधीक्षक रतलाम सत्येंद्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में शहर के चारों थानों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों के आदतन अपराधियों को चिह्नित कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। शहर में पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई में कुल 25 आदतन अपराधियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई, जिनमें थाना स्टेशन रोड क्षेत्र से 8 अपराधी, थाना माणक चौक क्षेत्र से 5 अपराधी, थाना डीडी नगर क्षेत्र से 9 अपराधी, थाना औद्योगिक क्षेत्र रतलाम से 3 अपराधी शामिल हैं।

### ऑल इंडिया इंटर रेलवे टेबल टेनिस प्रतियोगिता में पश्चिम रेलवे महिला टीम को स्वर्ण पदक



**रतलाम।** जयपुर में 27 से 31 अगस्त, 2025 तक आयोजित ऑल इंडिया इंटर रेलवे टेबल टेनिस प्रतियोगिता में पश्चिम रेलवे की महिला टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। इस प्रतियोगिता में रतलाम मंडल के यांत्रिक विभाग में कनिष्ठ लिपिक के रूप में कार्यरत अनुष्का कुटुम्बले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए व्यक्तिगत स्पर्धा में गोल्ड मेडल हासिल किया। उनके इस प्रदर्शन ने रतलाम मंडल को गौरवान्वित किया है। पश्चिम रेलवे टीम में अनुष्का कुटुम्बले एवं निवेदिता बालासुरी खिलाड़ी के रूप में शामिल रहीं, जबकि टीम के कोच श्री कलीम खान थे। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के उपलक्ष्य में मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार ने रतलाम मंडल के खिलाड़ियों से भेंट की तथा उन्हें सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सचिव, रतलाम मंडल खेलकूद संघ एवं वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) पीयूष पांडेय तथा मुख्य कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक हरीश चांदवानी भी उपस्थित रहे। रतलाम मंडल को अपनी प्रतिभाशाली खिलाड़ी अनुष्का कुटुम्बले की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर गर्व है।

### दीपावली पर निगम भवन पर होगा महालक्ष्मी पूजन

**रतलाम।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी निगम भवन पर दीपावली के अवसर पर महालक्ष्मी पूजन 20 अक्टूबर सोमवार को दोपहर 1:30 बजे आयोजित होगा। इस अवसर पर महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, निगम आयुक्त अनिल भाना, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, श्रीमती अनिता कटारा, दिलीप गांधी, धर्मेन्द्र व्यास, विशाल शर्मा, अक्षय संघवी, मनोहरलाल राजू सोनी, रामूभाई डाबी, श्रीमती सपना त्रिपाठी, पार्षदगण एवं निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेगें। इसी तरह निगम कार्यालय पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सरस्वती पूजन 23 अक्टूबर गुरूवार को प्रात: 10 बजे आयोजित होगा।

### अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह का समापन

**रतलाम।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह का समापन कार्यक्रम गुलाब चक्कर रतलाम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बालिका परिधि राठौर नेशनल लेवल पर योग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 14 वर्ष की बालिका को बनाया गया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में करण केथवास पार्षद उपस्थित रहे। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास रामनिवास बुधोलिया के द्वारा दिया गया एवं अवगत कराया गया कि किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली बालिकाओं को रतलाम जिले की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत ब्रांड एंबेसडर घोषित किया जाएगा एवं विभाग के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम अंतर्गत कई और गतिविधियां भविष्य में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम अंतर्गत खुशी एक पहल संस्था के द्वारा बाल विवाह पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत राजस्थानी लोकगीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। पुलिस विभाग के माध्यम से सीआईडी से श्रीमती सोनम जोशी के द्वारा बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर भी सिखाए गए जिससे किसी भी स्थिति में बालिकाएं आत्मविश्वास से सामना कर सके। कार्यक्रम में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली बालिकाओं का सम्मान किया गया और साथ ही पोषण माह अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने वाली बालिकाओं का भी सम्मान किया गया। पोषण माह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सहायक संचालक श्रीमती भारती डांगी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुनील सेन, यूनिसेफ से ममता, रतलाम शहरी सीडीपीओ एक एवं दो श्रीमती चेतना गेहलोत एवं श्रीमती अर्चना माहोर एवं समस्त सुपरवाइजर के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं भी उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन सुपरवाइजर श्रीमती ज्योति सोनी ने किया गया, आभार प्रदर्शन श्रीमती चेतना गेहलोत ने किया।

## जिला अस्पताल गेट पर कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन




### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर चन्द्रशेखर शर्मा, नासीर कुरैशी, फखरुद्दीन मंसूरी, किशनलाल भामीगमा, के.एल. गोशर, राजनाथ यादव, प्रदीप राठौर, विजय उपाध्याय, राजकुमार जैन लाला, साकीर खान, चाकी भाई, मनोज पांडे, रमेश पोरवाल, रोहित मीणा, अस्सू शेरानी, डॉ. मुस्तफा महूवाला, टीनू मेंन, मुकेश कोठारी, राजेश प्रजापत, युसुफ शाह, भंवरलाल शर्मा, साजीद शाह, शहजाद भाई, शांतिलाल छापरी, इक्का बेलुत, हरविंदर नादरा, सुशील तिवारी, मनोज खोईवाल, हिमांशु वर्मा, हसन भाई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। संचालन ब्लाक अध्यक्ष बसंत पंड्या व आभार विरेन्द्र प्रताप सिंह ने माना।

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिलेभर के कांग्रेस पदाधिकारियों ने शुक्रवार को जिला चिकित्सालय गेट पर धरना देकर प्रदर्शन किया। छिंदवाड़ा में

- प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह बदहाल : गेहलोत
- आरोप : मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय सिर्फ नाम के

सिरप से मासूम की मौतों के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया गया।

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार प्रदेशभर में चलाए जा रहे विरोध आंदोलन के तहत आज रतलाम में जहरीली खांसी की सिरप से छिंदवाड़ा में मासूम बच्चों की हुई दुखद मौतों के विरोध में




रतलाम जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बाल चिकित्सालय गेट पर धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया।

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्ष विजय गेहलोत ने कहा कि प्रदेश में मासूम बच्चों की मौतें हो रही हैं और मुख्यमंत्री उद्घाटनों में व्यस्त हैं। बीस से अधिक बच्चों की मौत के बाद भी मुख्यमंत्री की संवेदनाएं नहीं जागी हैं। ऐसे असंवेदनशील मुख्यमंत्री को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। वहीं शहर कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा ने कहा कि रतलाम शहर में स्वास्थ्य सुविधाएं नाममात्र की रह गई हैं। मेडिकल कॉलेज में मरीजों को केवल रेफर किया जाता है और जिला अस्पताल में डॉक्टर व दवाइयां उपलब्ध नहीं हैं। आम जनता त्रस्त है और शहर के विधायक मस्त होकर मिलन समारोह मना रहे हैं। धरना-प्रदर्शन में पूर्व विधायक पारस सकलेचा, महेन्द्र कटारिया, कमरूउद्दीन कछवाया, राजीव रावत, फय्याज मंसूरी, राजेश भरावा, रजनीकांत व्यास, लक्की शुक्ला, हितेष पैमाल, रामचन्द्र धाकड़, सलीम मोहम्मद बागवान, मेहमूद शेरानी, सोहेल काजी, अमरसिंह शेखावत, राजेश पुरोहित, रमेश शर्मा, संगीता कांकरीया, रश्मि सिंह, फरजाना खान सहित अनेक नेताओं ने संबोधित किया।

## पीवीसी गोदाम में आग, क्षेत्र में फैला धुआं





**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर के बाजना बस स्टैंड के समीप पटेल कॉलोनी में शुक्रवार दोपहर को पीवीसी गोदाम में आग लग गई। फैक्ट्री स्टील की चॉपिंग बनाने की थी। इसमें थिनर और अन्य केमिकल का उपयोग किया जाता था। आग के लगने से थिनर और केमिकल की कैन फट

**थिनर की कैनें फटी, केमिकल वाले धुएं का गुबार निकला**

गई और भारी मात्रा में धुआं क्षेत्र में फैल गया। आग लगने की वजह से निकले केमिकल वाले धुएं ने लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आग लगने की सूचना मिलने पर क्षेत्रीय पार्षद रणजीत टाक, पूर्व पार्षद सुदीप पटेल समेत बड़ी संख्या में रहवासियों के अलावा एएसपी राकेश खाखा, तहसीलदार ऋषभ ठाकुर, डीडी नगर थाना प्रभारी मनीष डाबर व पुलिस बल भी पहुंच गया।

### मशक्कत से बुझी आग

थिनर की कैन और कमिकल में आग लगने से पूरी फैक्ट्री में तेजी से धुआं फैल गया। इससे आग बढ़ने लगी। सूचना पर फायर बिग्रेड की लारी पहुंची। नगर निगम से पहली लॉरी पहुंची और इसके बाद दो अन्य फायर लॉरी भी बुलाई गई। चार लारियों के पहुंचने के बाद पानी के टैंकर भी बुलाए गए। पानी खत्म होने पर टैंकर से फायर लॉरियां में पानी भरा गया।

## बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई

**रतलाम।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओं बेटी पढाओं अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में शास.कन्या महाविद्यालय में पिंक लाइसेंस ड्राइव एवं बाल विवाह पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। महाविद्यालय की लगभग 100 बालिकाओं की सूची तैयार की जाकर लाइसेंस बनाने का कार्य किया जायेगा। प्रथम चरण में 50 एवं द्वितीय चरण में शेष बालिकाओं का लाइसेंस बनाया जायेगा। बाल विवाह पर उन्मुखीकरण करते हुए सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग भारती डांगी द्वारा बालिकाओं से संवाद किया गया एवं विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मंगलेश्वरी जोशी ने नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुनील सेन, यूनिसेफ से ममता द्वारा बाल विवाह पर उन्मुखीकरण करते हुए बाल विवाह मुक्त भारत हेतु शपथ दिलाई। महाविद्यालय प्रो. सौरभ गुर्जर, डॉ. निशा निमावत, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रीति शर्मा प्रोफेसर हेमलता वासेन, सुपरवाइसर, आँगनवाडी कार्यकर्ता ने सहभागिता की।

## दीपावली पर्व : सुरक्षा के लिए दो अस्थाई चौकियां, हो रही 24 घंटे निगरानी

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** दीपावली पर्व के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रतलाम शहर के मुख्य बाजारों — चांदनी चौक, चौमुखी पुल, डालुमोदी बाजार, गणेश देवरी आदि क्षेत्रों में नागरिकों की

**पुलिस द्वारा शहर में की गई सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था चाक-चौबंद**

बड़ी संख्या में आवाजाही अपेक्षित है। संभावित भीड़-भाड़ एवं यातायात व्यवस्था की सुचारूता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा तथा नगर पुलिस अधीक्षक रतलाम सत्येंद्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में विशेष पुलिस सुरक्षा एवं यातायात योजना तैयार की गई है।

### सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन के माध्यम से संवेदनशील स्थानों पर निगरानी

पुलिस के अनुसार व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए एक योजना तैयार की गई हैं। इसके तहत चांदनी चौक एवं चौमुखी पुल पर दो अस्थाई पुलिस चौकियां स्थापित की गई हैं, जिन पर 24 घंटे पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी तैनात रहेंगे। बाजार क्षेत्र में पैदल गश्त, मोटर साइकिल पेट्रोलिंग एवं मोबाइल वाहन दल द्वारा सतत निगरानी रखी जाएगी। भीड़ नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था, तथा यातायात का निर्बाध संचालन सुनिश्चित करने हेतु ट्रैफिक पुलिस की विशेष तैनाती की गई है। सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन के माध्यम से संवेदनशील स्थानों पर निगरानी रखी जाएगी। विस्फोटक सामग्री, पटाखों एवं ज्वलनशील पदार्थों के अवैध भंडारण एवं बिक्री पर रोकथाम हेतु निरंतर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। महिला सुरक्षा के दृष्टिगत महिला स्कूटी मोबाइल एवं महिला पुलिस अधिकारी विशेष रूप से बाजार क्षेत्र में सक्रिय रहेंगी। त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु शहर के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने एवं संवेदनशील स्थानों पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### एसपी बोले : संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दें

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने आमजन से अपील की है कि दीपावली पर्व को शांति, सौहार्द एवं अनुशासन के साथ मनाएं, किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत डायल 112 या निकटतम पुलिस थाने पर दें।

## गीता मंदिर पर हुआ 76वां एकादशी संकीर्तन

**रतलाम।** गीता मंदिर रोड स्थित गीता मंदिर में शुक्रवार को 76 वें एकादशी संकीर्तन हुआ। मंदिर पुजारी पं. चेतन जोशी ने बताया कि ये व्रत हर साल कार्तिक कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि पर आता है। इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा का खास महत्व होता है। इस बार आयोजनकर्ता संगीता संजय गुणावत एवं गुणावत परिवार द्वारा आयोजनकर लाभ लिया गया। पं.गोपाल शर्मा द्वारा सुमधुर भजन किए गए। प्रमोद व्यास,गोपाल जोशी, दिनेश, प्रशांत व्यास, प्रदीप जादौन, स्वाति व्यास, सीमा भारद्वाज, नीरू लामा, प्रीत गांधी, राखी, ज्योति राजपुरोहित, हीरामणि पुरोहित, संगीता गुणवत् , संजय गुणवत , रश्मि व्यास , लीना ठक्कर , सोनाली हरदेकर ,राधा भटेवरा,अलका अग्रवाल आदि भक्त, श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## भावान्तर भुगतान योजना को लेकर एसडीएम ने ली व्यापारियों की बैठक

**सैलाना।** प्रदेश सरकार की भावान्तर भुगतान योजना को लेकर जिला कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देश पर एसडीएम व भारसाधक अधिकारी तरुण जैन ने कृषिउपज मंडी कार्यालय मे व्यापारियों की बैठक ली। बैठक मे श्री जैन ने भावान्तर योजना को लेकर पंजीकृत किसानो की उपज का तौल मोल पारदर्शिता से करने, बोली के दौरान सभी व्यापारी उपस्थित रहे साथ ही उपज की बोली उचित लगे इसका विशेष ध्यान रखाजाए।बैठक के दौरान व्यापारियों के सुझाव भी सुने गए जिसपर एसडीएम ने कंहा की हर पारदर्शिता पूर्ण तौल मोल मे आने वाली परेशानी पर प्रशासन व्यापारियों के साथ रहेंगा। बैठक मे मंडी सचिव रुमान सिंह भयडिया, व्यापारी एसोशियन अध्यक्ष इंद्रेश चंडालिया, उपाध्यक्ष नवदीप मेहता, मनोज चंडालिया, हितेश चंडालिया सचिव पंकज सियार, आकाश चंडालिया, लेखापाल जीवन निनामा, मंडी प्रांगण प्रभारी जितेंद्र डाबी सहित व्यापारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## व्यापारियों के लिए अभद्र भाषा के उपयोग करने पर राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन




**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** 14अक्टूम्बर को भावान्तर योजना को लेकर आयोजित मन्त्रीमंडल की बैठक मे व्यापारी वर्ग के लिए उपयोग मे की गई अभद्र भाषा से प्रदेशभर के व्यापारियों मे आक्रोश है। सकल व्यापारी संघ द्वारा गुरुवार को राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल के नाम एक ज्ञापन एसडीएम व भारसाधक अधिकारी तरुण कुमार जैन को दिया। ज्ञापन मे

व्यापारियों ने बताया की मुख्यमंत्री द्वारा उपयोग मे की गई भाषा के बाद कृषिउपज मंडियो मे इसका असर भी दिखने लगा है। घटना के बाद प्रदेश की खंडवा व नीमच मंडी मे किसानो द्वारा व्यापारियों के साथ मारपीट की है।राष्ट्र प्रथम का ध्येय रखने वाले व्यापारियों के साथ किए गए व्यवहार पर प्रदेश सरकार माफ़ी मांगे अन्यथा व्यापारी वर्ग भी भविष्य मे कठोर कदम उठाने को मजबूर होंगा। इस अवसर पर एसोशियन अध्यक्ष इंद्रेश चंडालिया सचिव पंकज सियार, मनोज चंडालिया, हितेश चंडालिया, प्रदीप मांडोत, रणछोड़ पाटीदार, धर्मेंद्र शर्मा, हितेश चंडालिया, सुमित दसेड़ा, सहित बड़ी संख्या मे व्यापारी उपस्थित थे। ज्ञापन का वाचन उपाध्यक्ष नवदीप मेहता ने किया।

## निर्देश : एक लाइसेंस पर एक ही दुकान चलेगी, लाइसेंसधारी शर्तों का करें पालन



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** थाना जावरा शहर में इकबालगंज मेला मैदान में लगने वाली अस्थाई लाइसेंसधारी पटाखा दुकानदारों की बैठक अनुविभागीय अधिकारी सुनील जायसवाल व नगर पुलिस अधीक्षक युवराजसिंह चौहान की उपस्थिति में ली गई। बैठक मे दुकानदारों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए मुख्य रूप से दुकान के बाहर लाइसेंस लेमिलेट करके लगाना, दुकान के सामने पानी का ड्रम रेत की बाल्टी तथा शॉर्ट सर्किट की स्थिति में छ्ह्2 गैस सिलेंडर रखना अनिवार्य है। साथ ही दुकान में किसी भी प्रकार का बिजली से चलने वाला उपकरण ना हो, ना ही दुकान के अंदर किसी भी प्रकार की वायरिंग, दुकानदार रात्रि में अपने-अपने दुकान में ही सोएगा तथा सिक्योरिटी हेतु चौकीदार रखना अनिवार्य है। कोई भी अपनी दुकान पर माचिस या बीड़ी तंबाकू सिगरेट आदि का सेवन नहीं करेगा और ना ही किसी भी ग्राहक को करने देगा। इसके अतिरिक्त सभी अपनी-अपनी दुकान पर बिजली का अस्थाई कनेक्शन रहेगा, कोई भी बैटरी से चलने वाली लाइट का इस्तेमाल नहीं करेगा, सभी घर आने-जाने में प्रयुक्त वाहन को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करेगे। इसके अलावा एक लाइसेंस पर एक ही दुकान चलेगी तथा शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। कोई भी दुकानदार किसी भी ग्राहक को अपनी दुकान पर जबरदस्ती नहीं बुलाएगा, सभी लाइसेंस धारी लाइसेंस की शर्तों का नियमानुसार पालन करेंगे। साथ ही बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को भी हिदायत दी गई की बिजली कनेक्शन व्यवस्थित तरीके से करें। ताकि किसी भी प्रकार का शाट सर्किट जैसी स्थिति निर्मित ना हो। नगर पालिका कर्मचारियों को भी हिदायत दी गई की फायर ब्रिगेड व वॉटर टैंकर 24 घंटे चालू स्थिति में मैदान में रहे। बैठक के दौरान शहर थाना प्रभारी जीतेन्द्रसिंह जादौन, नगर पालिका सीएमओ राहुल शर्मा व पटाखा लाइसेंस धारी उपस्थित रहे।

**महापर्व आज से** | धन तेरस पर ढाई करोड़ के व्यापार की संभावना

## आज से होगा पांच दिवसीय दीपोत्सव प्रारंभ

**नवभारत न्यूज़**

**जावरा।** धन की देवी लक्ष्मी की आराधना के साथ उत्साह, उमंग तथा हर्षोउल्लास का पर्व दीपावली का पांच दिवसीय पर्व शनिवार से प्रारंभ हो रहा हैं। दीपोत्सव के स्वागत के लिए हर

**बाजारों में पर्व से रौनक बड़ी, आज होगी धन की वर्षा**

कोई अपने स्तर पर तैयार है, बाजार ग्राहकों से पटे है तो दुकाने भी खाली नही हैं।

भरपूर वर्षा के बाद इस वर्ष दीपावली में बाजारों में खासी रौनक रहने के आसार हैं। नगर के साथ अंचलों में भी दीपोत्सव को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा हैं। इधर नगर का फटाका मार्केट भी इकबाल गंज मैला मैदान में सज गया हैं, वहीं ग्राहकी भी कमजोर है। वहीं बाजारों मे रंगोली के रंगो के साथ



छड़ी फुंदे की दुकाने भी सज गई हैं।

**धन तेरस का है महत्व :** भाईदूज और गोवर्धन पूजा तक त्यौहार चलता रहता है लेकिन व्यापारियों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों के लिए धनतेरस का कुछ ज्यादा ही महत्व रहता है। धनतेरस पर इलेक्ट्रानिक और घरेलू सामान की बिक्री के रेकार्ड टूट जाते हैं। इस बार 2.5 करोड़ के व्यापार होने की संभावना है। बाजार उपभोक्ता सामग्रियों से पटे पड़े हैं। जिन्हें वस्तुएं खरीदना है उन्होंने धनतेरस या दीपावली का इंतजार नहीं करते हुए गुरू पुष्य के दिन ही अपनी मनचाही वस्तुए खरीद ली। जिसमें प्रमुख रूप से सोना-चांदी, दो एवं चार पहिया वाहन, इलेक्ट्रानिक वस्तुए, फर्नीचर, बर्तन आदि की विशेष रूप से खरीदी की। पिछले कुछ दिनों से बाजार में उपभोक्ता वस्तुओं की बिक्री इसी बात का संकेत देती है। यह अलग बात है कि व्यापारी वर्ग अच्छी ग्राहकी के बाद भी ग्राहकों के अभाव को प्रचारित कर रहे हैं।

### नगर सजा दुल्हन की तरह

नगर के सभी बाजार दुल्हन की तरह सजे हुए हैं, इलेक्ट्रानिक व्यापारी ग्राहकों को अपनी और रिछाने के लिए नए-नए जतन कर रहे हैं, कही ड्रा की धूम हैं तो कहीं स्क्रेच कार्ड तो कही ईनामी कुपन मिल रहे हैं। धन तेरस से लेकर भाईदूज तक मनाए जाने वाले दीपावली त्यौहार का लोगों को वर्ष भर से इंतजार रहता है। चाहे गरीब हो, अमीर हो या मध्यम वर्गीय सभी इस त्यौहार को लेकर खासी तैयारियां करते हैं। दीपावली को महालक्ष्मी की पूजन के साथ त्यौहार का उपसंहार हो जाता है।

### छड़ी फुंदे भी सजे

कृषकों का सबसे बड़ा धन खेती और उनके पशु होते हैं। दीपावली पर पशुओं को सजाने के लिए फूंदे आदि की दुकाने भी बड़ी मात्रा में पुरानी धान मंडी, चौपाटी चौराहे पर सर्विस रोड तरफ के साथ ही शहर के अन्य क्षेत्रों में सजी हुई है। इन पर आशानुरूप ग्राहकी भी जोरदार चल रही है। दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा पर पशुधन की पूजा भी होती है।